तेरे जैसा कोई नहीं,
हारे का सहारा है,
खाटू वाले श्याम,
मैंने तुझको पुकारा है,
तेरे जैसा कोई नही,
हारे का सहारा है।।

तर्ज चोरी चोरी मैंने भी तो।

दिया जो वचन माँ को,
अब तक निभा रहा,
हारे हुए भक्तों को,
गले से लगा रहा,
बिगड़ा नसीबा तूने,
हर दम संवारा है,
खाटू वाले श्याम,
मैंने तुझको पुकारा है,
तेरे जैसा कोई नही,
हारे का सहारा है।।

मुझको भी दुनिया ने,
इतना रुलाया है,
हारा हुआ दुखियारा,
तेरे पास आया है,
तेरे बिना श्याम कोई,

अब ना हमारा है,
खाटू वाले श्याम,
मैंने तुझको पुकारा है,
तेरे जैसा कोई नहीं,
हारे का सहारा है ।।

रख लो शरण में बाबा,
वरना टूट जाऊँगा,
दिया ना सहारा तूने,
कहाँ फिर मैं जाऊँगा,
चौखट पे तेरी,
अब तो करना गुज़ारा है,
खाटू वाले श्याम,
मैंने तुझको पुकारा है,
तेरे जैसा कोई नहीं,
हारे का सहारा है ।।

तेरी रहमतों से होती,
खुशियों की बारिशें,
चोखानी जाने तू ही,
पूरी करे ख्वाहिशें,
मुझे तो भरोसा,
बाबा एक बस तुम्हारा है,
खाटू वाले श्याम,
मैंने तुझको पुकारा है,
तेरे जैसा कोई नहीं,
हारे का सहारा है ।।

तेरे जैसा कोई नहीं,
हारे का सहारा है,
खाटू वाले श्याम,
मैंने तुझको पुकारा है,
तेरे जैसा कोई नही,
हारे का सहारा है।।

Singer Kumar Vijay

Source: https://www.bharattemples.com/tere-jaisa-koi-nahi-haare-ka-sahara-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw